Wada Nirmiti Education Society's
GURUKUL GLOBAL SCHOOL
WORKSHEET

SUB: Hindi **LESSON: अव्यय** **STD: VIII**

NAME: _____ ROLL No: _____ DATE:

प्रश्न 1. अव्यय की परिभाषा लिखिए।

प्रश्न 2. निम्नलिखित वाक्यों में अव्यय शब्दों को रेखांकित कीजिये -

१)राम धीरे-धीरे चल रहा है।

२)मोहन और सोहन विद्यालय गए।

३)तुम यहाँ बैठो।

४)वह बीमार था, इसलिए विद्यालय नहीं आया।

५)बच्चे मैदान में खेल रहे हैं, वाह! कितना सुंदर दृश्य है।

प्रश्न ३. निम्नलिखित वाक्यों में उचित अव्यय का भेद लिखिए।

१)वह बहुत तेज दौड़ता है। - _____

२)मेज के नीचे गेंद रखी है। - _____

३)राम आया और श्याम चला गया। - _____

४)ओह! मेरा काम बिगड़ गया। - _____

प्रश्न ४.निम्नलिखित वाक्यों में अव्यय शब्द छाँटकर उनके भेद लिखिए।

१)विद्यार्थी प्रायः समय पर विद्यालय पहुँच जाते हैं।

२)वह अत्यंत बुद्धिमान है, फिर भी उसे घमंड नहीं है।

३)अरे! तुम इतनी जल्दी यहाँ कैसे पहुँच गए?

४)मेज के नीचे रखी पुस्तक मेरी है।

५)वह धीरे-धीरे चलते हुए अचानक रुक गया।

६)राम और श्याम दोनों प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए।

७)तुम चाहे जितना प्रयास करो, किंतु सफलता के लिए धैर्य आवश्यक है।

८)वाह! तुमने कठिन प्रश्न भी आसानी से हल कर लिया।

प्रश्न 5. निम्नलिखित वाक्यों में से अव्यय शब्द रेखांकित (Underline) कीजिए और उसका भेद लिखिए:

1. कछुआ धीरे-धीरे चलता है।
   अव्यय: _____ | **भेद:** _____
2. अरे! तुम कब आए?
   अव्यय: _____ | **भेद:** _____
3. मोहन और सोहन पक्के मित्र हैं।
   अव्यय: _____ | **भेद:** _____
4. हमारे घर के सामने एक बड़ा पार्क है।
   अव्यय: _____ | **भेद:** _____
5. तुम्हें आज पढ़ना **ही** पड़ेगा।
   अव्यय: _____ | **भेद:** _____
6. वह प्रतिदिन व्यायाम करता है।
   अव्यय: _____ | **भेद:** _____
7. राम बीमार था इसलिए स्कूल नहीं आया।
   अव्यय: _____ | **भेद:** _____
8. पेड़ के नीचे पथिक सो रहा है।
   अव्यय: _____ | **भेद:** _____
9. हाय**!** यह क्या हो गया?
   अव्यय: _____ | **भेद:** _____
10. उसने मुझसे बात तक नहीं की।
    अव्यय: _____ | **भेद:** _____

प्रश्न 7. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर अव्यय शब्द छाँटिए और उनके भेद लिखिए।

रविवार को हम सभी प्रातःकाल उद्यान में गए। वहाँ बच्चे इधर-उधर खेल रहे थे और कुछ लोग पेड़ों के नीचे बैठे थे। अचानक वर्षा होने लगी, इसलिए हम शीघ्र ही घर लौट आए। वाह! प्रकृति का दृश्य कितना सुंदर था!

_____ – _____

_____ – _____

_____ – _____

_____ – _____